पुस्तकालय

2488
14/12/05

7 DEC 2005

असंशोधित

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

---

(भाग I—कार्यवाही—प्रश्नोत्तर )

बि० स० मु० (एल० ए०) 219—गामो—1,000—9-6-2004

टर्न-४/०७.१२.२००५
ज्योतिःबबलू

अल्पसूचित प्रश्न सं०-३१

श्री नन्द किशोर यादव, मंत्रीः अध्यक्ष महोदय, खण्ड-१ - उत्तर अंशतः स्वीकारात्मक है, वस्तुस्थिति यह है कि मधुबनी जिलान्तर्गत फटकी कमला तटबंध से मधेपुर लक्ष्मीपुर चौक, भाया- तमुरिया बेचौला होते हुए अररिया संग्राम एन०एच० -५७ तक पथ भाग दो पथों का भाग है जो निम्न है-

१. कमला तटबंध से मधेपुर पथ का वास्तविक नाम मधेपुर ढेगहा महियाम बहेड़ी पथ, जिसकी लम्बाई ५.६ किलोमीटर है जो खराब स्थिति में है । मरम्मति कराने में लगभग एक करोड़ की राशि व्यय करने की आवश्यकता होगी ।

खण्ड- २ - लक्ष्मीपुर चौक से अररिया संग्राम एन०एच० -५७ तक पथ, पथ निर्माण विभाग के अन्तर्गत है, जिसकी कुल लम्बाई १८ किलोमीटर है, जिसमें पांच किलोमीटर अच्छी हालत में है । शेष १३ किलोमीटर में मरम्मति कराने की आवश्यकता है । निधि की उपलब्धता के आधार पर अगले वित्तीय वर्ष में इस काम को पूरा कराने की कोशिश करेंगे ।

श्री जगत नारायण सिंहः अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से पूछना चाहता हूँ कि यह बहुत ही आवश्यक पथ है । वह कई वर्षों से क्षतिग्रस्त है और तीन वर्ष पहले इसी विभाग से मधेपुर के नजदीक में एक गेहुआं नदी है वह तीन वर्ष से निमार्णाधीन पड़ा हुआ है । इसलिए मैं चाहता हूँ कि माननीय मंत्री जी कब तक इस कार्य को पूरा करा देंगे ।

श्री नन्द किशोर यादव, मंत्रीः अध्यक्ष महोदय, मैंने कहा कि अगले वित्तीय वर्ष में इस कार्य को पूरा करा देंगे।

अल्पसूचित प्रश्न सं०-३२
(प्रश्नकर्ता माननीय सदस्य अनुपस्थित)

अल्पसूचित प्रश्न सं०-३३

श्री नन्द किशोर यादव, मंत्रीः खण्ड-१- उत्तर अंशतः स्वीकारात्मक है ।

वस्तुस्थिति यह है कि पथ की कुल लम्बाई १५.५ किलोमीटर है ।

खण्ड-२- उत्तर स्वीकारात्मक है ।

वस्तुस्थिति यह है कि उक्त पथ वित्तीय संसाधन के अनुरूप वर्ष २००३-०४ में किलोमीटर अंश १४ एवं १५ की विशेष मरम्मति तथा किलोमीटर २ से ९ में पौट-पैच एवं कार्यवर्ष २००४-०५ में किलोमीटर २ से ५, ८ में पौट-पैच करकर १० किलोमीटर अच्छा एवं ५.५ किलोमीटर की स्थिति सामान्य बनायी गयी है ।

खण्ड-३ - इस वित्तीय वर्ष में राज्य योजनान्तर्गत २ से ११ किलोमीटर में २०४ लाख रू० की लागत पर चौड़ीकरण एवं मजबूतिकरण का कार्य स्वीकृत है । जिसे २००६-०७ तक कराने हेतु योजना समिति का अनुमोदन प्राप्त किया जा रहा है । शेष पथांश में दो किलोमीटर तथा १२ एवं १३ में गैर योजना अन्तर्गत इस वित्तीय वर्ष में १७.५ लाख की लागत पर नवीकरण कार्य स्वीकृत है, जो मार्च २००६ तक पूरा कर लिया जायेगा । किलोमीटर १४, १५ एवं १६ अंश की स्थिति सामान्य है । वित्तीय उपलब्धता के अनुसार अगले वित्तीय वर्ष में सतह नवीकरण कार्य कराने का कार्यक्रम है ।